# UGC-NET PAPER-1 (General Paper) SHIFT-1 (22-NOV-2021)

निर्देश (प्र. सं. 1-5) निम्नांकित तालिका सत्र 2020-21 के दौरान विद्यालय में पाँच विभिन्न क्रियाकलापों नामतः तैराकी, गायन, चित्रकारी, नृत्य और हस्तशिल्प में विद्यार्थियों के नामांकन को दर्शाती है। विद्यालय में विभिन्न क्रियाकलापों में 1750 छात्राओं सहित कुल 3000 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। तालिका में प्रदत्त आँकड़े के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें

विद्यार्थियों का क्रियाकलापवार नामांकन

| क्रियाकलाप | नामांकित विद्यार्थियों का प्रतिशत (%) (3000 में से) | नामांकित छात्राओं का प्रतिशत (%) (1750 में से |
|---|---|---|
| तैराकी | 16% | 14% |
| गायन | 21% | 28% |
| चित्रकारी | 14% | 16% |
| नृत्य | 24% | 20% |
| हस्तशिल्प | 25% | 22% |

1. तैराकी में नामांकित छात्राओं और छात्रों का अनुपात क्या है?

(A) 59:49

(B) 23:29

(C) 33:43

(D) 49: 47

2. विद्यालय में छात्रों का सन्निकट प्रतिशत (%) है :

(A) 42%

(B) 28%

(C) 34%

(D) 50%

3. नृत्य में नामांकित छात्राओं की संख्या विद्यालय के विद्यार्थियों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत (%) है (दहाई अंकों में पूर्णांक बनाने पर)?

(A) 9.32%

(B) 10.67%

(C) 11.67%

(D) 14.67%

4. तैराकी और चित्रकारी में संयुक्त रूप से कुल कितनी छात्राओं का नामांकन है?

(A) 505

(B) 515

(C) 525

(D) 535

5. गायन और हस्तशिल्प में संयुक्त रूप से कितने छात्र नामांकित हैं?

(A) 485

(B) 505

(C) 420

(D) 585

6. नीचे दो कथन दिए गए हैं।

कथन (I) : न्याय दर्शन के अनुसार, तर्क-वितर्क केवल उन विषयों में होता है जो पूर्णतः अज्ञात हैं।

कथन (II) : न्याय दर्शन के अनुसार, तर्क-वितर्क उन विषयों में नहीं होता जो सुस्थापित हैं। उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए

(A) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं

(B) कथन (I) और (II) दोनों गलत है

(C) कथन (I) सही है, लेकिन कथन (II) गलत है

(D) कथन (I) गलत है, लेकिन कथन (II) सही है

7. सूची-1 के साथ सूची-II का मिलान कीजिए

| सूची-I (शिक्षण प्रणालियाँ) | सूची-II (कार्यान्विकरण) |
|---|---|
| A. अनुदेशन | 1. विद्यार्थियों पर शिक्षक के विचारों का एकतरफा आरोपण |
| B. प्रशिक्षण | 2. शिक्षक से विद्यार्थियों को विचारों की सहचारी प्रस्तुति |
| C. अनुबन्धन | 3. शिक्षक द्वारा संचालित अनुशासित अभ्यास |
| D. मतारोपण | 4. विद्यार्थियों और शिक्षक के बीच |

| | |
|---|---|
| | विचारों का सक्रिय आदान-प्रदान |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

A B C D

(A) 2 1 4 3

(B) 1 2 3 4

(C) 4 3 2 1

(D) 3 4 1 2

8. अनुसन्धान के इन्द्रियानुभविक आगमनात्मक प्रतिमान की विशेषताओं को चिह्नित कीजिए।

1. अनुसन्धान का सम्बन्ध प्रक्रिया से है न कि सिर्फ परिणामों अथवा उत्पादों से।

2. तार्किक प्रत्यक्षवादी दर्शन से समर्थित जो एकल उद्देश्यात्मक वास्तविकता की मान्यता पर आधारित है।

3. अनुसन्धानकर्ता प्रतिभागी परिप्रेक्ष्य के प्रति आसन्न होता है।

4. पूर्ण सन्दर्भमुक्त सामान्यीकरण स्थापित करने का प्रयास करता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3 और 4

(D) केवल 1 और 3

9. नई शिक्षा नीति-2020 में निम्नांकित में से किन निकायों की स्थापना का प्रस्ताव है?

1. एस. एस. एस. ए.

2. परख

3. आई. आई. टी. आई.

4. एन. आई. टी. आई.

5. एन. टी. ए.

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल 1, 3, 4

(B) केवल 1, 2, 3

(C) केवल 2, 3, 5

(D) केवल 2, 3, 4

10. नीचे दो कथन दिए गए हैं.

कथन (I) कम्प्यूटर आधारित परीक्षण से आकलन प्रक्रियाओं में बस्तुनिष्ठता को बढ़ावा मिलता है।

कथन (II) भारत में उच्च शिक्षा में विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली एक नई व्यवस्था है। उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए

(A) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं

(B) कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं

(C) कथन (I) सही है, लेकिन कथन (II) गलत है

(D) कथन (I) गलत है, लेकिन कथन (II) सही है

11. न्याय दर्शन के सन्दर्भ में, निम्नांकित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(A) लिंग अथवा हेतु करण अथवा अनुमान का प्रचालित कारण नहीं है।

(B) हेतु वर्तमान की वस्तु हो सकता है, किन्तु मृत अथवा भविष्य का नहीं।

(C) हेतु भूत अथवा भविष्य होने पर अनुमान में प्रकार्य कर सकते हैं।

(D) व्याप्ति अथवा हेतु और साध्य के बीच पूर्ण सम्बन्ध के ज्ञान के अतिरिक्त हेतु निष्पत्ति तक पहुँचा सकता है

12. निम्नांकित में से कौन सर्वोच्च सलाहकारी और गैर-सांविधिक निकाय है?

(A) नीति आयोग

(B) एन. सी. टी. ई.

(C) ए. आई. सी. टी. ई.

(D) एम. सी. आई.

13. स्मिता अपनी स्कूटी से उत्तर दिशा की ओर प्रस्थान करने के उपरान्त बाएँ मुड़ी और पुनः बाएँ मुड़कर 4 किमी गई। अगर अब वह अपने प्रस्थान बिन्दु से 2 किमी पश्चिम में है, तो उत्तर दिशा में उसने कितने किमी की शुरुआती यात्रा की?

(A) 2 किमी

(B) 4 किमी

(C) 5 किमी

(D) 6 किमी

14. अगर किसी कुर्सी को ₹ 752 में बेचने पर अर्जित लाभ उसी कुर्सी की ₹ 400 में की गई बिक्री से होने वाली हानि का 1.2 गुना है, तो कुर्सी का लागत मूल्य क्या है?

(A) ₹ 540

(B) ₹ 592

(C) ₹ 560

(D) ₹ 640

15. ओज़ोन क्षय की वैश्विक पर्यावरणीय समस्या किसके उत्सर्जन के कारण है?

1. सल्फर डाईऑक्साइड

2. क्लोरीनयुक्त हाइड्रोकार्बन

3. मीथेन

4. कार्बन डाईऑक्साइड

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन कीजिए

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2

(C) केवल 2 और 4

(D) केवल 1, 2 और 3

16. नीचे दो कथन दिए गए है: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है, तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में

अभिकथन (A) अगर कोई व्यक्ति अपने बालों से, भारयुक्त ट्रक को खींचता है तो यह समाचार बन जाता है।

कारण (R) असामान्य चीजें अपनी विचित्रता के कारण समाचार बन जाती हैं और लोकरुचि का सृजन करती हैं।

उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

(A) (A) और (R) दोनों ही सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(C) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है

(D) (A) सही नहीं है, लेकिन (R) सही है

17. अनुसन्धानों में, प्रभावी शिक्षण का मुख्य व्यवहार किसे माना गया है?

(A) विद्यार्थियों के विचारों और योगदान का उपयोग

(B) संरचनाकरण

(C) शिक्षक कार्य-अभिमुखीकरण

(D) शिक्षक भावप्रवणता

18. कम्प्यूटर के निम्नांकित मैमोरी प्रकारों को सबसे धीरे से सबसे तीव्र के क्रम में व्यवस्थित करें

1. कैशे

2. सीडी रोम

3. हार्ड डिस्क

4. रैम

5. रजिस्टर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(A) 3, 2, 1, 4, 5

(B) 5, 1, 4, 3, 2

(C) 2, 3, 4, 1, 5

(D) 4, 1, 5, 2, 3

19. सूची-1 के साथ सूची-II का मिलान कीजिए

| सूची-I (प्रतिदर्श प्रणाली) | सूची-II (शामिल कार्यविधि) |
|---|---|

| | |
|---|---|
| A. सामान्य यादृच्छिक प्रतिदर्श | प्रथम सदस्य का अन्य को चिह्नित करने हेतु सूचनाप्रदाता के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। यह प्रक्रिया इसी क्रम में चलती रहती है। |
| B. स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिदर्श | 2. इकाइयों का चयन उनकी व्यवस्था के आधार पर यथावत् किया जाता है। |
| C. क्लस्टर प्रतिदर्श | 3. इकाइयों का चयन परिभाषित समूहों/स्तरों से यादृच्छिक रूप में किया जाता है। |
| D. स्नोबॉल प्रतिदर्श | 4. इकाइयों का चयन प्रत्येक को समान और स्वतन्त्र अवसर देकर किया जाता है। |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिएं

A B C D

(A) 1 2 3 4

(B) 4 3 2 1

(C) 3 4 1 2

(D) 2 1 4 3

20. तीन पुरुष, चार महिलाएँ और छह बच्चे किसी कार्य को सात दिन में पूरा करते हैं। अगर प्रत्येक महिला प्रत्येक पुरुष से दोगुना काम करती है और प्रत्येक बच्चा पुरुष की तुलना में आधा काम करता है, तो कितनी महिलाएँ इस काम को अकेले 7 दिन में पूरा कर सकती हैं?

(A) 7

(B) 8

(C) 9

(D) 12

21. 0, 10, 100, 110, P........ की द्विचर संख्याओं के क्रम में P का मान कितना होगा?

(A) 111

(B) 1000

(C) 1010

(D) 1001

22. संचार की आवश्यकता क्यों है?

1. सामाजिक अन्योन्य क्रिया हेतु

2. प्रसन्नता हेतु

3. सन्देश की सम्प्रेषणीयता हेतु

4. अनुभव साझा करने हेतु

5. परम्पराओं के संरक्षण हेतु

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(A) केवल 1,3,5

(B) केवल 2,3,4

(C) केवल 1,3,4

(D) केवल 1,2,5

23. "जो कोई भी किसी व्यक्ति पर चाकू चलाए, उसे गिरफ्ता किया जाना चाहिए। शल्य-चिकित्सक शल्यक्रिया के क्रम में अन्य व्यक्ति पर चाकू का प्रयोग करता है। अतः शल्य चिकित्सक को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।"

उक्त तर्क-वाक्य में कौन-सा हेत्वाभास है?

(A) अविचारी सामान्यीकरण

(B) संयोग का हेत्वाभास

(C) रेड हेरिंग

(D) अनर्ह प्राधिकारी को अपील

24. निम्नांकित में से किस प्राकृतिक आपदा को स्थलाकृतीय के रूप में श्रेणीकृत किया जाता है?

(A) हिझंझावात

(B) हिमस्खलन

(C) तूफान

(D) बाढ़

25. निम्नांकित में से कौन-सा मूल्य स्व-उत्कर्ष से सम्बद्ध है?

(A) सुरक्षा मूल्य

(B) सर्वमुक्तिवाद का मूल्य

(C) स्वतंत्रता का मूल्य

(D) समानुरूपता का मूल्य

26. नीचे दो कथन दिए गए हैं

कथन (I) सी. पी. यू. द्वितीयक मैमोरी से सॉफ्टवेयर को प्रत्यक्षतः कार्यान्वित करता है। कथन (II) वह सॉफ्टवेयर मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर कहलाता है, जिसे इण्टरनेट से डाउनलोड किया जा सके। उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) कथन (I) और (II) दोनों सत्य हैं

(B) कथन (I) और (II) दोनों असत्य हैं

(C) कथन (I) सत्य है, लेकिन कथन (II) असत्य है

(D) कथन (I) असत्य है, लेकिन कथन (II) सत्य है

27. अगर 30 मी की सीढ़ी 15 मी की दीवार से इस प्रकार लगाई जाए कि वह दीवार के शीर्ष को छूती हुई हो, तो दीवार का उन्नयन कोण है।

(A) 45°

(B) 30°

(C) 60°

(D) 50°

28. नीचे दो कथन दिए गए हैं

कथन (I) अभ्यासकर्ता उद्देशित अनुसन्धान का उपयोग प्रधानतः प्रदत्त परिस्थिति में संवर्द्धन हेतु करता है।

कथन (II) व्यवहृत अनुसन्धान पूर्व-स्थापित सिद्धान्तों की प्रयोज्यकता के उद्देश्य के अन्वेषण की ओर उन्मुख होता है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

(A) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं

(B) कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं

(C) कथन (I) सही है, लेकिन कथन (II) गलत है

(D) कथन (I) गलत है, लेकिन कथन (II) सही है

29. कक्षा संचार में शिक्षक द्वारा सृजनात्मकता, सह-सम्बद्धता और विश्लेषण की क्षमता का प्रदर्शन किस श्रेणी का कौशल कहलाता है?

(A) चिन्तन कौशल

(B) अभिव्यक्ति कौशल

(C) मीडिया उपयोग कौशल

(D) मानवीय कौशल

30. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

(A) श्री हुमायूँ कबीर

(B) श्री सी. डी. देशमुख

(C) श्री एम. मूलगावकर

(D) मूलचन्द शर्मा

31. नीच दो कथन दिए गए हैं

कथन (I) औपचारिक हेत्वाभास वह है जिसे तर्क-वाक्य की आकारिक संचरना के निरीक्षण मात्र से चिन्हित किया जा सकता है।

कथन (II) औपचारिक हेत्वाभास केवल निगमनात्मक तर्क-वाक्य में पाए जाते हैं, जिनकी अभिनिर्धार्य आकारिक संरचना हों।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) कथन (I) और (II) दोनों सत्य हैं

(B) कथन (I) और (II) दोनों असत्य हैं

(C) कथन (I) सत्य है, लेकिन कथन (II) असत्य है

(D) कथन (I) असत्य है, लेकिन कथन (II) सत्य है

32. भारत में लघु जल शक्ति सम्भाव्यता कितनी होने का अनुमान है?

(A) ~ 60 मेगावाट

https://www.pyqonline.com

(B) ~ 100 मेगावाट

(C) ~ 10 गीगावाट

(D) ~ 20 गीगावाट

33. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए

| सूची-I<br>(उच्च शिक्षा सम्बन्धी डिजिटल पहले) | सूची-I<br>(प्रयोजन) |
|---|---|
| A. स्वयम् | 1. शैक्षिक अधिनिर्णयों, यथा-उपाधियों, अंक-पत्रों आदि की ऑनलाइन |
| B. स्वयंप्रभा | 2. भौतिक अवस्थिति से असंयुक्त, वैयक्तिक ई |
| C. डिजिलॉकर | 3. कहीं भी-कभी भी उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए एम. ओ. ओ. |
| D. एन. ए. डी. | 4. उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए निःशुल्क डी. टी. एच. चैनल |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

A B C D

(A) 3 4 2 1

(B) 4 3 1 2

(C) 4 3 2 1

(D) 2 1 3 4

34. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान फीजिए

| सूची-I<br>(संचार के प्रकार) | सूची-II<br>(कृत प्रकार्य)) |
|---|---|
| A. जनसंचार | 1. गलियारा चर्चा |
| B. अन्तः वैयक्तिक संचार | 2. कला शिक्षण |
| C. समूह संचार | 3. स्वयं के साथ संचार हेतु |
| D. अन्तर्वैयक्तिक संचार | 4. मशीनी सन्देन सम्प्रेषण हेतु |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

A B C D

(A) 4 3 2 1

(B) 1 2 3 4

(C) 2 3 4 1

(D) 3 1 2 4

35. निम्नलिखित में से कौन संचार की भौतिक बाधा का उदाहरण है?

(A) सांस्कृतिक भिन्नता

(B) अनवधान

(C) शब्दाडम्बर

(D) अस्वस्थता

36. कचरा' के रूप में श्रेणीकृत अपशिष्ट का अपशिष्ट घटक है

1. कागज, कार्डबोर्ड कार्टन

2. पशु अपशिष्ट

3. औद्योगिक प्रक्रिया अपशिष्ट

4. शाक अपशिष्ट

5. काष्ठ

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(A) केवल 1 और 5

(B) केवल 1,3 और 5

(C) केवल 1,3,4 4 और 5

(D) केवल 1, 2, 4 और 5

37. नई शिक्षा नीति-2020 में, निम्नांकित में से किसका पाठ्यक्रम ढाँचा तैयार करने का प्रस्ताव है?

1. विद्यालयी शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा

2. प्रौढ़ शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा

3. शिक्षक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा

4. तकनीकी शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा

5. व्यावसायिक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(A) केवल 1, 3, 5

(B) केवल 2, 3, 4

(C) केवल 1, 2, 3

(D) केवल 3, 4, 5

38. निम्नांकित सूची से अप्रत्यक्ष शिक्षण कार्यनीतियों को चिह्नित कीजिए

1. ध्यानाकर्षण, अधिगमकर्ता को उद्देश्य की संसूचना और प्रोत्साहन सामग्री प्रस्तुत करना

2. उदाहरणों और गैर-उदाहरणों के माध्यम से अवधारणा-निर्माण

3. सुस्पष्टीकरण, सोदाहरण प्रतिपादन और अभ्यास

4. युग्मन-सम्मिलन तकनीक के साथ समस्या-आधारित प्रस्तुति

5. विद्यार्थियों को उनके अपने अनुभवों से सन्दर्भ लेने के लिए प्रोत्साहित करना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(A) 2,4 और 5

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) 3, 4 और 5

39. नीचे दो कथन दिए गए हैं

कथन (I) मीमांसक और वेदान्ती नैयायिकों के साथ इस बात पर सहमत है कि न्यायवाक्य में पाँच सदस्य अथवा प्रति ज्ञप्ति होती हैं।

कथन (II) मीमांसक और वेदान्ती नैयायिकों के साथ इस बात पर सहमत हैं कि न्यायवाक्य केवल परार्थानुमान अथवा प्रदर्शनकारी अनुमान के लिए आवश्यक है, न कि स्वार्थानुमान अथवा स्वानुमान के लिए।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

(A) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं

(B) कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं

(C) कथन (I) सही है, लेकिन कथन (II) गलत है

(D) कथन (I) गलत है, लेकिन कथन (II) सही है

40. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में <br><br> अभिकथन (A) शिक्षण सहायता प्रणाली, पारम्परिक अथवा आधुनिक, इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में गुणवत्ता को सुनिश्चित करना है। <br><br> कारण (R) शिक्षण परिणामों को निर्धारित अनुदेशनात्मक लक्ष्यों के अनुरूप बनाने के लिए प्रारम्भ में एक आधारिक समर्थन की आवश्यकता होती है। <br><br> उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए। ; (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ; (B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ; (C) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ; (D) (A) सही नही है, लेकिन (R) सही है ; (A)

41. विकी के सम्बन्ध में कौन-कौन से कथन सत्य हैं?

1. विकी पृष्ठों का दुरुपयोग रोकने के लिए मॉडरेटर इसे लॉक कर सकता है।

2. विकी पृष्ठ में किया गया प्रत्येक परिवर्तन अंकित किया जाता है और उसे हिस्ट्री लिस्ट में देखा जा सकता है।

3. विकी का अभिकल्पन लोगों को आसानी से सहयोग की अनुमति देता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चयन कीजिए

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 1 और 3

(D) 1, 2 और 3

42. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में

अभिकथन (A) शोध-प्रबन्ध में एक विहित प्रारूप एवं सन्दर्भीकरण की प्रक्रिया का अनुपालन करना पड़ता है।

कारण (R) इस प्रक्रिया में अनुसन्धान में आचार नीति का अनुपालन सुनिश्चित हो जाता है। उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(C) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है

(D) (A) सही नहीं है, लेकिन (R) सही है

43. आश्रित चर में सहवर्ती परिवर्तनों के आशय से, किस अनुसन्धान प्रणाली में स्वतन्त्र चर में हेरफेर किया जाता है?

(A) कार्योत्तर प्रणाली

(B) व्यष्टि अध्ययन प्रणाली

(C) वर्णनात्मक सर्वेक्षण प्रणाली

(D) प्रयोगात्मक प्रणाली

44. 50 किमी प्रति घण्टे की गति से चल रही 108 मी लम्बी रेलगाड़ी विपरीत दिशा से आ रही 112 मी लम्बी रेलगाड़ी को 6 सेकण्ड में पार करती है। दूसरी रेलगाड़ी की गति क्या है?

(A) 48 किमी/घण्टा

(B) 54 किमी/घण्टा

(C) 66 किमी/घण्टा

(D) 82 किमी/घण्टा

45. उच्च शिक्षा संस्थानों में समग्र शिक्षा का उद्देश्य है

1. विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसन्धानकर्ताओं और संकाय के साथ अनुसन्धान प्रशिक्षुता

2. पारम्परिक ज्ञान प्रणालियों का पुनरोपयोग

3. स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षुता हेतु अवसर उपलब्ध कराना

4. समाज विज्ञान और प्राकृतिक विज्ञानों को शिक्षण और अधिगम के विशिष्ट क्षेत्र के अन्तर्गत रखना नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(A) केवल 2 और 4

(B) केवल 1 और 3

(C) केवल 1 और 4

(D) केवल 3 और 4

46. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रबल पूर्वधारणा है कि :

1. वैश्विक स्तर पर राष्ट्रों के मध्य अन्तर्संबद्धता निरन्तर सम्बर्द्धित हो रही है।

2. तकनीकी ज्ञान द्वारा, पारम्परिक अधिगम शैलियों को प्रतिस्थापित करना चाहिए।

3. उच्च शिक्षा संस्थानों को वांछित आचार-शास्त्रीय मूल्यों के सम्वर्द्धन पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

4. शैक्षिक विचारों और उपलब्धियों के मुक्त आदान-प्रदान को सुगम बनाने के लिए विधायी ढाँचे में परिवर्तन की आवश्यकता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(A) केवल 1,2 और 4

(B) केवल 1 और 3

(C) केवल 1, 3 और 4

(D) केवल 3 और 4

47. उच्च शिक्षा के सम्बन्ध में मुख्य चिन्ताओं का निम्नांकित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त रूप में प्रतिनिधित्व करता है?

(A) इसमे केवल स्थानीय ज्ञान निर्माण और इसके क्रियान्वयन की युक्ति दी गई है।

(B) इसमें भारत में केवल विदेशी उच्च शिक्षा प्रारूपों के क्रियान्वयन पर बल दिया गया है।

(C) इसमें उच्च शिक्षा से जुड़े राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों के बीच ज्ञान और अधिगम के पारस्परिक आदान-प्रदान पर बल दिया गया है।

(D) इसमें सामाजिक मुद्दो की अनदेखी कर नियोजनीयता के लिए केवल व्यावहारिक अधिगम की चर्चा की गई है।

48. नीचे दो कथन दिए गए हैं।

कथन (I) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा से बचाने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

कथन (II) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्थानीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर ज्ञान और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

(A) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं

(B) कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं

(C) कथन (I) सही है, लेकिन कथन (II) गलत है

(D) कथन (I) गलत है, लेकिन कथन (II) सही है

49. नीचे दो कथन दिए गए हैं।

कथन (I) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अधिगम की अभिकल्पना सहिष्णुता, समावेशन और संधारणीयता के मूल्यों की समावेशी प्रक्रिया के रूप में की गई है।

कथन (II) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अधिगमकर्ता की व्यवसायों और उद्योगों में नियोजनीयता पर बल दिया गया है।

उपरोक्त आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

(A) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं |

(B) कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं |

(C) कथन (I) सही हैं, लेकिन कथन (II) गलत हैं |

(D) कथन (I) गलत हैं, लेकिन कथन (II) सही हैं |

50. सतत् विकास लक्ष्य-12 सतत् उपयोग और उत्पादन के तहत, खुदरा और उपभोक्ता स्तरों पर प्रति व्यक्ति खाद्य अपशिष्ट को कम करने का एक लक्ष्य है

(A) 3/4

(B) 1/2

(C) 1/3

(D) ¼

## संभावित उत्तर

| Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 11 | A | 21 | B | 31 | A | 41 | D |
| 2 | A | 12 | A | 22 | C | 32 | D | 42 | C |
| 3 | C | 13 | B | 23 | B | 33 | A | 43 | D |
| 4 | C | 14 | C | 24 | B | 34 | A | 44 | D |
| 5 | B | 15 | B | 25 | B | 35 | D | 45 | B |
| 6 | D | 16 | A | 26 | B | 36 | A | 46 | C |
| 7 | C | 17 | C | 27 | B | 37 | C | 47 | C |
| 8 | D | 18 | C | 28 | A | 38 | A | 48 | D |
| 9 | C | 19 | B | 29 | A | 39 | D | 49 | A |
| 10 | A | 20 | A | 30 | B | 40 | A | 50 | B |